

# ...जब परिषद की बैठक में हेलमेट पहनकर आए भाजपा पार्षद

## नगर पालिका परिषद सीधी की पिछली बैठक में कांग्रेसी पार्षदों के बीच हुए पानी बॉटल युद्ध का भाजपा पार्षदों का विरोध का अनोखा प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। नगर पालिका परिषद की आज आयोजित बैठक में भाजपा पार्षद हेलमेट पहनकर आए। नगर पालिका परिषद सीधी की पिछली बैठक में कांग्रेसी पार्षदों के बीच हुए पानी बाटल युद्ध का भाजपा पार्षदों का विरोध का अनोखा प्रदर्शन रहा।**

नगर पालिका परिषद में 14 नवंबर को आयोजित बैठक में



पार्षदों के बीच हुई नूराकुश्ती का असर आज बुधवार को भी बैठक के दौरान देखने को मिला। परिषद की बैठक में पहुंचे भाजपा पार्षदों ने हेलमेट पहना हुआ था, जिसे देख सभी हतप्रभ रह गए। वहीं मीडिया द्वारा जब हेलमेट पहने भाजपा पार्षदों से इस पर सवाल किया तो सभी ने गत बैठक में हुई नूराकुश्ती का जिक्र करते हुए कहा कि अब सबसे पहले हमें अपनी सुरक्षा का ख्याल रखना पड़ेगा, जब हम सुरक्षित रहेंगे तब न अपने क्षेत्र के विकास की बात करेंगे। हालांकि आज बुधवार को आयोजित बैठक में किसी प्रकार की कोई



घटना नहीं हुई, बैठक शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई है।

गौरतलब हो कि नगर पालिका परिषद सीधी बीते कुछ माहों से सुर्खियों में हैं, कारण कि भले ही नगर सरकार कांग्रेस की हैं लेकिन आए दिन हो रहे नए-नए कारनामे भी कांग्रेस पार्षदों द्वारा ही किए जा रहे हैं। जिसके चलते प्रमुख विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी को हमेशा कुछ न कुछ मसाला मिल ही जाता है। बता दें कि यह बैठक 14 नवम्बर को अधूरी रह जाने के चलते बुलाई गई थी, जिसमें पूर्व से शामिल एजेंडे के अनुसार चर्चा कर करीब दो घंटे में ही समाप्त कर दी गई।

बैठक भले ही शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई लेकिन भाजपा पार्षदों द्वारा नगर पालिका परिषद में आयोजित बैठक के दौरान हेलमेट पहन कर जो इशारा किया है वह किसी से छिपा नहीं है, इतना ही नहीं हेलमेट धारण करने वाले पार्षदों ने इसका मतलब भी मीडिया के सामने बया कर दिया है।


### दो घंटे में ही समाप्त हुई बैठक

हंगामे की भेंट चढ़ी 14 नवम्बर की बैठक में नगर विकास को लेकर शामिल एजेंडे में चर्चा पूर्ण न होने के चलते आज बुधवार को पुन: परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व से शामिल एजेंडे के अनुसार चर्चा कर बैठक को दो घंटे में ही समाप्त कर दिया गया। यह कहा जा रहा था कि आज की बैठक में एक बार फिर आउटसोर्स कर्मचारियों को लेकर गहमागहमी की स्थिति बन सकती हैं लेकिन सीएमओ ने उस मुद्दों पर पार्षदों की मांग अनुसार आउटसोर्स भर्ती प्रक्रिया अपनाने की सहमति जताकर बैठक को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करा दिया है।

### हेलमेट ने सभी को किया हैरान


नगर पालिका परिषद सीधी की बैठक में बुधवार को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला, जब भाजपा के पार्षद सुरक्षा के मद्देनजर हेलमेट पहनकर पहुंचे। बैठक शुरू होने से पहले ही पार्षदों द्वारा हेलमेट लगाए जाने से उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी भी हैरान रह गए। भाजपा पार्षदों का कहना था कि पिछली बैठकों के दौरान मारपीट जैसी स्थितियां पैदा हो चुकी हैं, जिसके चलते उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी रहती है। इसी कारण विरोध स्वरूप सभी पार्षद हेलमेट पहनकर बैठक में शामिल हुए। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि परिषद की बैठकों में आए दिन तनाव और अव्यवस्था का माहौल बन जाता है।

### इनका कहना है।



हम सभी भाजपा पार्षदों ने हेलमेट अपनी सुरक्षा को लेकर पहना है, यहां कांग्रेस की परिषद हैं और यह कांग्रेसी आपस में ही बैठक के दौरान विवाद करने लगते हैं, जिसके चलते हम सभी भाजपा पार्षदों ने सुरक्षा को देखते हुए आज की बैठक में शामिल होने से पहले हेलमेट पहना रखा है।

**पूनम सोनी,**
पार्षद एवं प्रतिपक्ष नेता नपा सीधी।



गत बैठक में जिस मुद्दे को लेकर विवाद छिड़ा था उसमें बात इस बैठक में बन गई है। सीएमओ मिनी अग्रवाल ने हमारी मांग अनुसार आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती को लेकर बताया कि आगामी बैठक के पूर्व नए सिरे से भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी और अनैतिक रूप से जोड़े गए नामों को हटा दिया जाएगा, इसके साथ ही नगर विकास को लेकर जो बिंदु शामिल थे सभी की सहमति से पारित कर दिया गया है।

**दान बहादुर सिंह चौहान**
उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद सीधी।

# इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-22 टूर्नामेंट : रीवा को हराकर डीसीए सीधी बना चैंपियन

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। एमपीसीए ग्राउंड में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-22 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज सीधी ने इतिहास रच दिया। जिसका इंतजार वर्षों से था। संघर्ष, समर्पण और टीमवर्क के दम पर डीसीए सीधी ने पहली बार टूर्नामेंट का खिताब जीतकर पूरे जिले का मान बढ़ा दिया। रोमांचक मुकाबले में सीधी ने रीवा को 6 विकेट से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।**

तीसरे दिन खेल शुरू होते ही सीधी के गेंदबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए रीवा की पूरी टीम को 219 रन पर ढेर कर दिया। रीवा की ओर से ज्योतिरादित्य ने 59 और अभिज्ञान ने



48 रन बनाएए वहीं सीधी की तरफ से आशीष पटेल ने 3 और अभिषेक गौतम ने 2 विकेट लेकर रीवा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी।

पूरे मैच में आशीष पटेल कुल 8 विकेट लेकर मैच के हीरो बने। 173 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीधी टीम ने संयम और आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की और 6 विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। सीधी की ओर से उदित मौर्य ने बेहतरीन 57 रन और विवेक ने 29 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए आशीष पटेल को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद आयोजित समारोह में आयोजन समिति द्वारा डीसीए सीधी को विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। यह जीत सिर्फ एक खिताब नहीं बल्कि सीधी क्रिकेट के उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत है। जिले के खिलाड़ियों ने साबित कर दिया कि सीधी अब प्रदेश में उभरता हुआ क्रिकेट हब बन चुका है। आज की यह ऐतिहासिक उपलब्धि आने वाले समय में सीधी क्रिकेट को नई पहचान दिलाएगी।

# संविधान दिवस : पुलिस ने लिया मौलिक कर्तव्यों और अधिकारों का संकल्प



नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। संविधान दिवस के अवसर पर आज पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी द्वारा संविधान की उद्देशिका के वाचन से हुई। जिसका कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक स्वर में पुनरावृत्ति करते हुए अनुसरण किया।**

यह सामूहिक वाचन भारतीय लोकतांत्रिक मूल्यों, कर्तव्यों एवं समरसता को आत्मसात करने का एक महत्वपूर्ण संदेश बना। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में बड़े स्क्रीन पर संविधान आधारित शॉर्ट फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें भारतीय संविधान की संरचना, इसके मूल सिद्धांतों एवं नागरिकों के अधिकारों-कर्तव्यों को सरल और प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसी क्रम में जिले के सभी थाना एवं चौकियों में भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। प्रत्येक पुलिस इकाई ने लोकतांत्रिक मूल्यों की पुन: पुष्टि करते हुए नागरिक कर्तव्यों को प्रभावी रूप से निभाने का संकल्प लिया।



# संविधान की प्रस्तावना ही संविधान की आत्मा : देव कुमार

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। संविधान दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार तथा भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार के मार्गदर्शन और भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के नेतृत्व में सीधी के कलेक्ट्रेट चौक में स्थित डॉ. भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा की साफ-सफाई और माल्यार्पण के साथ संविधान की प्रस्तावना वाचन किया गया।**

जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह द्वारा कहा गया कि संविधान की प्रस्तावना संविधान की आत्मा है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में संविधान, राष्ट्र की एकता, अखंडता, न्याय, समता और बंधुत्व बना रहे।

संविधान प्रगति का आधार होने के साथ ही प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर भी प्रदान करता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पाण्डेय, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू राम, पूर्व जिलाध्यक्ष इन्द्रशरण सिंह, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष देवेंद्र सिंह मुन्नू, डॉ. देवेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष द्वय विश्वबंधुधर द्विवेदी और शिवदान साकेत, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला मंत्री पूजा सिंह कुशराम, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम सोनी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# संविधान बचाओ दिवस पर कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सीधी द्वारा संविधान बचाओ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वीथिका भवन प्रांगण से कलेक्ट्रेट भवन तक एक शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली गई, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसजन, जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, विभिन्न मोर्चा संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक सम्मिलित हुए।**

पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने संविधान की रक्षा, लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती तथा पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रियाओं की मांग को लेकर नारे लगाए। पदयात्रा कलेक्ट्रेट पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई, जहां जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर बढ़ते दबाव और संविधान के मूल सिद्धांतों से हो रहे विचलन पर गंभीर चिंता व्यक्त की। इसके उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महामहिम राष्ट्रपति, भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में देशभर में लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर मंडरा रहे खतरों, संविधान की गरिमा के साथ कथित छेड़छाड़, निर्वाचन प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप और मतदाता सूची में अनियमितताओं की शिकायतें दर्ज की गईं। ज्ञापन की प्रमुख मांगों में संविधान की मूल भावना की रक्षा हेतु ठोस कदम



उठाए जाएँ। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित की जाए। मतदाता सूची में छेड़छाड़ रोकने हेतु सख्त दिशा निर्देश जारी हों। नागरिक अधिकारों पर किसी भी प्रकार के अनुचित दबाव या दुरुपयोग पर रोक लगाई जाए।

लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा के लिए संवैधानिक प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। कांग्रेस ने कहा कि संविधान द्वारा प्रदत्त न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल्यों की रक्षा हर नागरिक का दायित्व है। आज जब लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अभूतपूर्व दबाव है।

ऐसे समय में पूरे देश में जागरूकता और एकजुटता आवश्यक है। कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा किया गया।

आयोजन में उपाध्यक्ष आकाश सिंह रिंकू, महामंत्री ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, संभागीय प्रवक्ता प्रदीप सिंह दीपू, महामंत्री शीलारानी साकेत, ब्लॉक अध्यक्ष विवेक सिंह दीपू, अरविंद तिवारी संकट, रामविलास पटेल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजबहोर जायसवाल, महामंत्री जय सिंह, दिनेश विश्वकर्मा, प्रियंका सिंह, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष शशिकला द्विवेदी, रजनीश सोनी, कोषाध्यक्ष रजनीश श्रीवास्तव, गोविंद सिंह, सानेंद्र सिंह, जान आलम, कृतिमा सिंह, रेखा सिंह, दिनेश विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी संगठनात्मक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# विवादित बयान से ब्राह्मण समाज में आक्रोश : उदयकमल

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। आईएएस संतोष वर्मा द्वारा आरक्षण को लेकर दिए गए कथित आपत्तिजनक और विवादित बयान ने मध्य प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। संतोष वर्मा का बयान सामने आने के बाद ब्राह्मण समाज के संगठनों में गहरा आक्रोश है और उन्होंने इसे जातीय सौहार्द के विपरीत व सामाजिक ताने-बाने को प्रभावित करने वाला बताया है।**



संतोष वर्मा के द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर वरिष्ठ अधिवक्ता उदय कमल मिश्र ने मध्यप्रदेश की मोहन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ब्राह्मण समाज तथा गौ.वंश से जुड़े संवेदनशील मामलों पर रोकथाम और नियंत्रण में सरकार विफल दिखाई दे रही है। आपत्तिजनक भाषाए उत्पीड़न और दुर्भावना पूर्ण घटनाओं पर निर्णायक कार्रवाई न होना मध्यप्रदेश सरकार की मंशा एवं कार्यप्रणाली से ब्राह्मण समाज का विश्वास कमजोर हो रहा है। श्री मिश्र ने आगे कहा कि ब्राह्मण समाज की लगातार उपेक्षा और बढ़ती अप्रिय घटनाओं को देखते हुए अब ब्राह्मण समाज को अपने राजनीतिक अस्तित्व और सम्मान की रक्षा के लिए नए राजनीतिक विकल्पों की ओर बढ़ना चाहिएए उन्होंने ब्राह्मण समाज के ऊपर हो रहें उत्पीडनए अभद्र भाषा के प्रयोग पर ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि ब्राह्मण समाज के जनप्रतिनिधियों को स्वयं के हित को दरकिनार कर समाज हित के लिए चुप्पी तोड़नी चाहिए। मध्य प्रदेश में यह मुद्दा तेजी से



# अमिलिया हायर सेकंडरी में मना संविधान दिवस

नवभारत न्यूज

**अमिलिया 26 नवंबर। जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया में संविधान दिवस मनाया गया। भारतीय संविधान दुनिया के सबसे बड़ा संविधान है। 26 नवंबर को बड़े ही धूमधाम से संविधान दिवस मनाया गया।**

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विधिक शोधार्थी इंद्रलाल पटेल ने संविधान के बारे में विस्तार से चर्चा किया और भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन भी किया उन्होंने कहा कि जब कानून यह मानता है कि सभी लोग कानून जानते हैं। भले ही लोग न जानते हों। आज कानून की भूमिका बढ़ती जा रही है। इसलिए अब समय आ गया है कि स्कूल स्तर से ही एक विषय के रूप में पढ़ाया जाना चाहिए और उन्होंने छात्रों का कैरियर मार्गदर्शन भी किया है। वहीं प्राचार्य केपी मिश्रा ने सभी को संविधान की शुभकामनाएं देते हुए संविधान पर चर्चा किया। इसके अलावा अन्य शिक्षक भी संविधान पर बात रखी। शिक्षक सुनैना तिवारी, शिवकुमार वर्मा, अवधेश पटेल, देवेश पाण्डेय एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। धन्यवाद आभार विद्यालय के शिक्षक दिवाकर शुक्ल ने किया। मंच संचालन विद्यालय के शिक्षक प्रविश पाण्डेय ने की।

# राजनीतिक दलों के लोगों को बीएलओ सहायक न बनाया जाए : अजय

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने की बाहरी लोगों की नियुक्तियां निरस्त करने की मांग, पारदर्शी एसआईआर प्रक्रिया पर प्रश्नचिंह का आरोप

नवभारत न्यूज

**सीधी 26 नवंबर। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा है कि प्रदेश में चल रही एसआईआर की संवेदनशील प्रक्रिया संदेह में गिर गई है। इसमें जन अभियान परिषद और बाहरी संगठनों के लोगों की नियुक्तियां बीएलओ सहायक के रूप में की जा रही है। इससे सम्पूर्ण प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग गया है।**

उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और संदेह से परे बनाये रखने के लिए निर्वाचन आयोग से मांग की है कि राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े बाहरी व्यक्तियों की नियुक्तियों को तत्काल निरस्त किया जाए। उन्होंने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से आग्रह किया है कि वे जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को बाहरी व्यक्तियों को एसआईआर प्रक्रिया से तत्काल हटाने के निर्देश दें। अजय सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के जो प्रमाण प्रस्तुत किये हैं। उसकी शुरुआत अब मध्यप्रदेश में भी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि दतिया में बीएलओ की मदद के लिए भाजपा के कार्यकर्ताओं को नियुक्त कर दिया गया। उन्हें चार पोलिंग बूथों पर तैनात किया गया था। जिला कांग्रेस की शिकायत पर कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने बाद में पूरी सूची निरस्त कर दीद्य साथ ही पचास लोगों की सूची सौंपने वाले जन अभियान परिषद के जिला और



ब्लाक समन्वयकों को नोटिस थमाया गया है। यह खबर प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित भी हुई है। सिंह ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनावों में भी प्रदेश भर में फैले जन अभियान परिषद के लोगों ने सत्ताधारी दल के पक्ष में खुलकर काम किया था जबकि यह परिषद अर्ध शासकीय संस्था है। इसमें भाजपा से जुड़े अनुषांगिक संगठन के लोगों को संविदा पर भर दिया गया था। अब यह सभी सत्ताधारी दल के पक्ष में काम कर रहे हैं। इसकी शिकायत 2018 में तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने चुनाव आयोग से की थी। इस शिकायत पर आयोग ने कार्यवाही भी की थी। उस समय तत्कालीन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बीएल कान्ताराव ने पत्रकार वार्ता में बताया था कि सभी कलेक्टरों को जन अभियान परिषद की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गये हैं। इन सभी को चुनाव कार्यों से दूर रखने को कहा गया था।

उन्होंने बताया था कि जन अभियान परिषद पन्ना के जिला समन्वयक सुशील बर्मन को भाजपा की प्रचार सामग्री बांटते हुए पकड़ा गया था और उसके विरुद्ध एफआईआर की गई थी। इसी तरह होशंगाबाद में परिषद के पदाधिकारी हर्ष तिवारी के विरुद्ध भी एफआईआर की गई थी और शासन को उसे निलम्बित करने को कहा गया था।

### फिर से वही पुनरावृत्ति शुरू करने का आरोप

अजय सिंह ने कहा कि अब फिर से वही पुनरावृत्ति शुरू हो गई है, जिसे कठोरता से रोका जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मध्यप्रदेश एकमात्र ऐसा प्रदेश है जहां जन अभियान परिषद जैसी कोई सरकारी संस्था सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में खुले आम काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उस समय प्रदेश के 313 ब्लाकों, 51 जिलों और 10 संभागों में भाजपा पृष्ठभूमि के लोगों को संविदा के आधार पर समन्वयक के पदों पर भर्ती किया गया था। इन सभी को 2018 में आदर्श चुनाव संहिता लगने के ठीक पहले नियमित कर दिया गया था जो आज भी कार्य कर रहे हैं। वे परिषद की हजारों समितियों, सैंकड़ों सोर्स पर्सन और हजारों विद्यार्थियों के माध्यम से सीधे सादे मतदाताओं की ब्रेन वाशिंग और बूथ मैनेजमेंट का कार्य करते हैं। अजय सिंह ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से समय रहते जन अभियान परिषद की गतिविधियों पर रोक लगाने का आग्रह किया है।